ST. THOMAS' SCHOOL
DWARKA, NEW DELHI

8 अप्रैल 2022 (शुक्रवार)

प्रिय अभिभावकगण,

सेंट थॉमस स्कूल में हम सदा ही अपने शिक्षार्थियों को उनकी उभरती हुई प्रतिभा को उजागर करने के लिए रचनात्मक वातावरण प्रदान करने हेतु अग्रसर रहते हैं। इसी संदर्भ (विषय) में हर महीने के तीसरे शुक्रवार को वर्तनी (शब्दकोश) संबंधी रचनात्मक क्रिया **शब्दावली** सत्र 2022–2023 में आयोजित की जाएगी।

प्रत्येक माह उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले सभी वर्गों से छात्र चुने जाएँगे, जिनकी फरवरी माह में निर्णायक परीक्षा ली जाएगी। कृपया यह भी ध्यान दें कि (फरवरी माह) अंतिम दौर के लिए शब्द उपलब्ध नहीं कराए जाएँगें, परंतु विषय संबंधी जानकारी दी जाएगी। विजेता छात्रों को ट्रॉफी तथा प्रमाणपत्र से सत्र के अंत में पुरस्कृत किया जाएगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि छात्रों को दिए गए शब्दों के उच्चारण को समझने के लिए प्रेरित करें और उन्हें प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को भेजे गए शब्दों को पूर्णतया शुद्ध वर्तनी में याद करवाएँ। आगामी 22 अप्रैल 2022, शुक्रवार के लिए **शब्दावली** निम्नलिखित हैं।

कक्षा–छठी
शब्दावली–1 (विषय : कृषि पर आधारित त्योहार)

क्रम संख्या	शब्द	अर्थ	क्रम संख्या	शब्द	अर्थ
१	महत्त्वपूर्ण	मुख्य	११	भंगड़ा	पंजाब राज्य का लोकप्रिय नृत्य
२	बहुतायात	अधिकता	१२	लोकप्रिय	जनसाधारण को पसंद आने वाला
३	धार्मिक	धर्म से संबंधित	१३	वैसाख	अप्रैल का महीना
४	समुदाय	झुंड	१४	नववर्ष	नया साल
५	कृषि	खेती–बाड़ी	१५	विश्वास	भरोसा
६	उत्सव	त्योहार	१६	जलवायु	मौसम
७	संस्कृति	पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाना	१७	शांति	मन की स्थिरता
८	समूह	दल	१८	परंपरा	प्रथा, प्रणाली
९	धूमधाम	ज़ोर–शोर से	१९	आवभगत	आदर–सत्कार
१०	बैसाखी	कृषि पर आधारित पंजाब राज्य का त्योहार	२०	स्वादिष्ट	बहुत स्वाद वाला

नोट

- शब्दावली में भाग लेना सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है।
- किसी भी परिस्थिति में शब्दावली दोबारा आयोजित नहीं होगी।
- शब्दावली **22 अप्रैल 2022 (शुक्रवार)** को आयोजित की जाएगी।